## भारत - आस्ट्रिया संबंध

### राजनीतिक संबंध

भारत और आस्ट्रिया के बीच राजनयिक संबंध 1949 में स्थापित हुए। परंपरागत रूप से भारत – आस्ट्रिया संबंध मधुर एवं मैत्रीपूर्ण रहे हैं। दोनों देशों के बीच उच्च स्तर पर यात्राओं को नियमित रूप से आदान – प्रदान होता रहा है :

### उच्च स्तरीय द्विपक्षीय यात्राएं

1955 प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू
1971 प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी
1980 चांसलर ब्रूनो क्रेइस्की
1983 प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी
1984 चांसलर फ्रेड सिंजोवेट्ज
1995 विदेश मंत्री प्रणब मुखर्जी
1999 राष्ट्रपति के आर नाराणन
2005 राष्ट्रपति हेंज फिशर
2007 विदेश मंत्री अर्सुला प्लासनिक
2009 लोक सभा स्पीकर मीरा कुमार
2010 वाइस चांसलर जोसेफ प्रॉल
2011 आस्ट्रिया की संसद की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष बारबरा प्रामेर
2011 राष्ट्रपति प्रतिभा देवीसिंह पाटिल
2012 आस्ट्रिया की संसद की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष बारबरा प्रामेर

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवीसिंह पाटिल ने 4 से 7 अक्टूबर, 2011 के दौरान आस्ट्रिया का दौरा किया। आपसी सरोकार के अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों तथा द्विपक्षीय संबंधों के सभी क्षेत्रों पर बातचीत हुई। वाणिज्यिक एवं आर्थिक सहयोग, वैज्ञानिक सहयोग एवं जन दर जन आदान – प्रदान को सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया। राष्ट्रपति फिशर ने संशोधित संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत के स्थान का जोरदार शब्दों में समर्थन किया। उन्होंने कहा कि "हमारा यह मानना है कि विश्व तेजी से बदल रहा है तथा यह कि सुरक्षा परिषद की वर्तमान संरचना इस समय उभर रही नई विश्व व्यवस्था की सच्चाइयों को प्रतिबिंबित नहीं करती है। आपका देश सुरक्षा परिषद में बड़ी भूमिका निभाने की योग्यता रखता है।"

आस्ट्रिया के संघीय राष्ट्रपति डा. हिंज फिशर ने फरवरी, 2005 में भारत का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान जारी किए गए संयुक्त वक्तव्य में उच्च स्तर पर यात्राओं के आदान – प्रदान की गति को बनाए रखने, विद्युत, पर्यावरण, स्वास्थ्य अवसंरचना, जैव प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं परिवहन में सहयोग गहन करने, विश्वविद्यालयों एवं शोध संस्थाओं के बीच सहयोग तीव्र करने, दोनों देशों के बीच सीधे हवाई संपर्कों की मात्रा बढ़ाने, आतंकवाद की निंदा करने और संयुक्त राष्ट्र से संबंधित मुद्दों पर वार्ता की आवश्यकता को उजागर किया गया।

लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती मीरा कुमार के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल ने 14 से 17 सितंबर, 2009 के दौरान आस्ट्रिया का दौरा किया। संघीय वित्त, परिवार एवं युवा मंत्री श्री रेन्होल्ड मिटर लेहनर तथा एक 50 सदस्यीय कारोबारी शिष्टमंडल के साथ वाइस चांसलर एवं संघीय वित्त मंत्री श्री जोसफ प्रोल ने 17 से 19 फरवरी, 2010 के दौरान भारत का दौरा किया। आस्ट्रिया की संसद की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष बारबारा प्रामेर ने लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती मीरा कुमार के निमंत्रण पर 5 से 11 फरवरी, 2011 के दौरान भारत का दौरा किया।

शहरी विकास राज्य मंत्री प्रो. सौगत राय ने आस्ट्रिया में शहरी परिवहन की सर्वोत्तम प्रथाओं को समझने के लिए तथा भारत में उसी तरह के परिवहन समाधान का विकास करने के लिए एशियाई विकास बैंक की तकनीकी सहायता के

तहत 17 से 19 जून, 2012 के दौरान आस्ट्रिया का दौरा किया। शिष्टमंडल ने सीमेंस एजी के महाप्रबंधक श्री वोल्फगैंग हेसोम तथा वियनेर लिनेन, वियना के कार्यपालक बोर्ड के प्रबंध निदेशक एवं अध्यक्ष श्री गुंटेर स्टेनबॉएर से मुलाकात की।

आस्ट्रिया की परिवहन, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी मंत्री सुश्री डोरिस बुरेस ने 1 से 4 अक्टूबर, 2012 के दौरान भारत का दौरा किया। अपनी दौरान के उन्होंने हमारे सड़क एवं भूतल परिवहन मंत्री श्री सी पी जोशी, शहरी विकास मंत्री श्री कमलनाथ तथा पोत परिवहन मंत्री श्री जी के वासन से मुलाकात की।

आस्ट्रिया की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष बारबरा प्रमेर ने **''जेंडर अवेयर पार्लियामेंट''** विषय पर 3-4 अक्टूबर, 2012 में नई दिल्ली में भारतीय संसद एवं अंतर संसदीय संघ (आई पी यू) द्वारा संसद की महिला अध्यक्षों पर आयोजित सातवीं वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया।

आस्ट्रिया के संघीय पर्यावरण, वानिकी, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री श्री निकोलस बर्लाकोविच ने हैदराबाद में जैव विविधता पर अभिसमय के राज्य पक्षकारों के सम्मेलन की बैठक में भाग लेने के लिए 16 से 19 अक्टूबर, 2012 के दौरान भारत का दौरा किया।

प्रवासी भारतीय मामले मंत्री महामहिम श्री वायलर रवि ने आस्ट्रिया के श्रम, सामाजिक कार्य तथा उपभोक्ता संरक्षण मंत्री महामहिम श्री रूडोल्फ हुंडस्टोर्फर के निमंत्रण पर एक दो सदस्यीय शिष्टमंडल के साथ 3-4 फरवरी, 2013 को आस्ट्रिया का दौरा किया। 4 फरवरी, 2013 को भारत और आस्ट्रिया के बीच एक सामाजिक सुरक्षा करार पर हस्ताक्षर किया गया।

विदेश राज्य मंत्री श्रीमती प्रनीत कौर के नेतृत्व में एक भारतीय शिष्टमंडल ने 27-28 फरवरी को वियना में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सभ्यता गठबंधन शिखर बैठक (यू एन ए ओ सी) के पांचवें वैश्विक फोरम में भाग लिया। यूएनएओसी के पांचवें वैश्विक फोरम का विषय 'विविधता एवं वार्ता में जिम्मेदार नेतृत्व को बढ़ावा देना' था। विदेश राज्य मंत्री श्रीमती प्रनीत कौर ने फोरम के दौरान अतिरिक्त समय में संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष वुक जेरेमिक से मुलाकात की। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान आस्ट्रिया के विदेश मंत्री श्री माइकल स्पिनडेलेगर से भी मुलाकात की।

भारतीय संस्कृति मंत्री श्रीमती चंद्रेश कुमारी ने 5 से 8 अप्रैल, 2013 के दौरान आस्ट्रिया का दौरा किया। अपनी यात्रा के दौरान, उन्होंने आस्ट्रिया की शिक्षा, कला एवं संस्कृति मंत्री क्लौडिया शमिड से मुलाकात की तथा अनुप्रयुक्त कला विश्वविद्यालय, वियना स्थित संरक्षण केंद्र के अलावा ''इंडिया ऑफ द महाराजा'' नामक प्रदर्शनी भी देखने गई जो इस समय स्क्लोस स्कालबर्ग में चल रही है।

आस्ट्रिया के विदेश मंत्रालय में राज्य सचिव डा. रेनहोल्ड लोपात्का के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने नई दिल्ली में 11वीं एशिया – यूरोप विदेश मंत्री बैठक (असेम – एफ एम एम) में भाग लेने के लिए 11-12 नवंबर, 2013 को भारत का दौरा किया। डा. लोपात्का ने भारत की अपनी यात्रा के दौरान विदेश राज्य मंत्री श्रीमती प्रनीत कौर से मुलाकात की।

**द्विपक्षीय करार**

**लागू द्विपक्षीय करारों / एम ओ यू निम्नलिखित शामिल हैं :**

(i) वायु सेवा करार (1989), हवाई सेवा के लिए एम ओ यू (जून,1997);
(ii) दोहरा कराधान परिहार करार (1999);
(iii) द्विपक्षीय निवेश संरक्षण करार (1999);
(iv) द्विपक्षीय आर्थिक संबंध तथा आर्थिक, औद्योगिक, तकनीकी एवं प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए करार (1999);
(v) रेलवे के क्षेत्र में अवसंरचना सहयोग के लिए एम ओ यू (मई, 2002);
(vi) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के लिए करार (नवंबर, 2007);
(vii) स्वास्थ्य क्षेत्र में अवसंरचना सहयोग के लिए एम ओ यू (फरवरी, 2005);

(viii) फिक्की तथा आस्ट्रिया के संघीय आर्थिक चेंबर (डब्ल्यू के ओ) के बीच एम ओ यू (अक्टूबर, 2003) और सी आई आई तथा डब्ल्यू के ओ के बीच एम ओ यू (नवंबर,1996).

(ix) कृषि के क्षेत्र में सहयोग के लिए एम ओ यू (सितंबर, 2010)

(x) वैज्ञानिक सहयोग के लिए एम ओ यू, जिस पर हस्ताक्षर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार तथा आस्ट्रियन विज्ञान फंड के बीच किया गया (अक्टूबर, 2011)

(xi) रेलवे के क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत के रेल मंत्रालय तथा आस्ट्रिया के संघीय परिवहन, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के बीच हस्ता  क्षरित एम ओ यू (अक्टूबर, 2011).

(xii) पोत परिवहन एवं बंदरगाह के क्षेत्र में प्रौद्योगिकीय सहयोग के लिए एम ओ यू (अक्टूबर, 2012)

(xiii) सामाजिक सुरक्षा करार (फरवरी, 2013)

**संस्थागत तंत्र**

भारत और आस्ट्रिया के बीच सरकार के स्तर पर मुख्य संस्थानिक तंत्र विदेश कार्यालय परामर्श (एफ ओ सी) तथा संयुक्त आर्थिक आयोग (जे ई सी) हैं। 2015 में वियना में संयुक्त आर्थिक आयोग की 14वीं बैठक हुई तथा फरवरी, 2011 में वियना में पांचवें विदेश कार्यालय परामर्श का आयोजन हुआ।

**आर्थिक संबंध**

आस्ट्रिया 1995 से यूरोपीय संघ का सदस्य है तथा यूरोप के साथ, विशेष रूप से मध्य एवं पूर्वी यूरोप के देशों के साथ भारत के संबंध के लिए इसके लिए एक महत्वपूर्ण लिंक है। 1983 में स्थापित भारत – आस्ट्रिया संयुक्त आर्थिक आयोग (जे ई सी) सक्रिय है तथा दोनों देशों के वाणिज्य एवं उद्योग चेंबरों एवं सरकारी मंत्रालयों के बीच चल रहा है (13वें सत्र का आयोजन सितंबर, 2013 में भारत में हुआ)। भारी संख्या में साझेदारी, प्रौद्योगिकी अंतरण एवं संयुक्त उद्यम के माध्यम से इस्पात, विनिर्माण प्रौद्योगिकी, रेलवे एवं परिवहन, उपकरण, धातु विज्ञान के क्षेत्रों में सहयोग चल रहा है।

**भारत - आस्ट्रिया द्विपक्षीय व्यापार**

भारत की ओर से आस्ट्रिया को जिन वस्तुओं का निर्यात किया जाता है उनमें मुख्य रूप से फुटवियर, टेक्सटाइल, चमड़े की वस्तुएं, परिधान की वस्तुएं तथा कपड़े के साजो-सामान, वाहन, रोलिंग स्टाफ तथा उनके पुर्जे एवं साजो-सामान, मशीनरी एवं यांत्रिक औजार एवं उनके पुर्जे, विद्युत मशीनरी एवं उपकरण, जैविक रसायन एवं भेषज उत्पाद शामिल हैं।

| वर्ष | भारतीय निर्यात | अंतर (प्रतिशत मे) | भारतीय आयात | अंतर (प्रतिशत मे) | कुल व्यापार | अंतर (प्रतिशत मे) कुल व्यापार | व्यापार संतुलन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **2006** | 310.4 | 12.7 | 372.3 | 23.3 | 682.7 | 18.2 | -61.9 |
| **2007** | 338.6 | 9.1 | 527.5 | 41.8 | 866.1 | 8.9 | -188.9 |
| **2008** | 415.1 | 22.6 | 608.9 | 15.4 | 1024.0 | 18.2 | -193.8 |
| **2009** | 439.4 | 5.2 | 560.4 | -8.0 | 999.8 | 2.6 | -121.0 |
| **2010** | 483.1 | 10.0 | 654.9 | 16.9 | 1138.0 | 13.8 | -171.8 |
| **2011** | 558.7 | 15.6 | 817.7 | 24.9 | 1376.4 | 20.9 | -259.0 |
| **2012** | 552.93 | -0.91 | 626.11 | -23.4 | 1179.04 | -14.33 | -73.18 |
| **2013** | 565.85 | 3.5 | 648.50 | 3.6 | 1214.35 | 2.99 | -82.64 |
| **2014** | 617,87 | 9.0 | 594.33 | -8.3 | 1212.20 | -0.18 | 23.54 |
| **2015** (सितंबर तक) | 538.00 | 11.8 | 507.00 | 11.1 | 1045.00 | ---- | ---- |

(आंकड़े मिलियन यूरो में)

**औद्योगिक साझेदारी**

राउरकेला स्टील प्लांट के लिए स्टील विनिर्माण प्रौद्योगिकी की आपूर्ति के लिए 1956 में पहली भारत – आस्ट्रिया औद्योगिक साझेदारी पर हस्ताक्षर किया गया। तब से, भारत और आस्ट्रिया की फर्मों के बीच 200 से अधिक साझेदारियां हुई हैं जिसमें 100 तकनीकी साझेदारी तथा 60 संयुक्त उद्यम करार शामिल हैं।

**अंतरिक्ष**

आस्ट्रिया के पहले दो उपग्रह टुगसैट-1 / ब्राइट तथा यूनिब्राइट को भारत के पी एस एल वी – सी20 द्वारा 25 फरवरी, 2013 को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, श्रीहरिकोटा से लांच किया गया। वियन विश्वविद्यालय के ज्योति संस्थान, ग्राज प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (टी यू जी) में संचार नेटवर्क तथा उपग्रह संचार संस्थान (आई के एस) तथा टोरंटो विश्वविद्यालय के अंतरिक्ष अध्ययन संस्थान (यू टी आई ए एस) में अंतरिक्ष उड़ान प्रयोगशाल (एस एफ एल) के सहयोग से दो उपग्रह विकसित किए गए।

**संस्कृति**

हालांकि भारत और आस्ट्रिया के बीच कोई औपचारिक सांस्कृतिक विनिमय कार्यक्रम नहीं है, फिर भी दोनों देशों के कलाकार नि यमित रूप से एक – दूसरे के देश में अपनी कला का प्रदर्शन करते रहे हैं।

उस्ताद सुजात हुसैन खान, उस्ताद जाकिर हुसैन, हरि प्रसाद चौरसिया, सोपोरी फादर एंड सन सहित विभिन्न अन्य कलाकारों ने 2013 में आस्ट्रिया का दौरा किया एवं सफलता के साथ अपनी कला का प्रदर्शन किया। उस्ताद जुबिन मेहता वियना फिल्हार्मोनिक से आज भी जुड़े हुए हैं तथा प्रसिद्ध म्यूजिक वेरिन में नए साल के अवसर पर परफार्मेंस दिया। 2015 का न्यू ईयर कंसर्ट जुबिन मेहता द्वारा संचालित किया गया।

पंडित नित्यानंद हल्दीपुर के नेतृत्व में आई सी सी आर द्वारा प्रायोजित एक 3 सदस्यीय बांसुरी मंडली ने आस्ट्रिया का दौरा किया तथा 17 और 18 नवंबर 2015 को अपनी कला का प्रदशर्न किया। मंडली ने वियना में एक परफार्मेंस दिया तथा दूसरा परफार्मेंस लिंज़ में एंटोन ब्रंकेर संगीत विश्वविद्यालय में दिया।

फिल्म म्यूजियम वियना ने 29 जनवरी से 12 फरवरी, 2015 के दौरान लीजेंडरी भारतीय फिल्म मेकर के प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय समारोह में रित्विक घातक की फिल्म का सिंहावलोकन प्रस्तुत किया। हाल के दिनों में, बालीवुड की फिल्मों को वियना के शीर्ष सिनेप्लेक्स में दिखाने का शुरू किया गया है। आस्ट्रिया की सुंदरता को ध्यान में रखते हुए बालीवुड की अनेक फिल्मों का फिल्मांकन आस्ट्रिया में हो रहा है।

आस्ट्रिया में योग एवं आयुर्वेद बहुत अधिक लोकप्रिय है तथा पूरे आस्ट्रिया में पहले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में आस्ट्रिया के असंख्य लोगों ने भाग लिया।

**वियना में प्राच्य विद्या अध्ययन :** 1845 में वियना विश्वविद्यालय में संस्कृ त को पढ़ाने का कार्य शुरू हो गया था। संस्कृत अध्ययन के लिए एक चेयर स्थापित की गई जिसे आगे चलकर इंडोलॉजी चेयर में परिवर्तित कर दिया गया। 1955 में, इसका परिवर्तन दक्षिण एशियाई, तिब्बती एवं बौद्ध अध्ययन के लिए एक अलग संस्थान के रूप में हुआ जिसका मुख्य फोकस इंडोलाजी है। वियना विश्वविद्यालय में भारतीय अध्ययन का एक अल्पावधिक चेयर स्थापित करने के लिए समझौता ज्ञापन (एम ओ यू) पर हस्ताक्षर फरवरी, 2011 में भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आई सी सी आर) तथा वियन विश्वविद्यालय के बीच हुआ। आज तक की स्थिति के अनुसार, इतिहास, नृविज्ञान और समाजशास्त्र में 4 विशेषज्ञों ने इस संस्थान में चेयर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान की है।

भारत – आस्ट्रिया मैत्री संगठनों के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा वित्तीय सहायता में हाल में वृद्धि की वजह से भारतीय दूतावास सेमिनार, गोष्ठी, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित करने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक संगठनों जैसे कि दक्षिण एशियाई, तिब्बती एवं बौद्ध अध्ययन संस्थान, वियना विश्वविद्यालय; दि आस्ट्रो इंडियन सोसायटी, ग्राज; आस्ट्रियन – इंडियन इंस्टिट्यूट; रागा वेरिन, वियना और आस्ट्रियन – इंडियान एसोसिएशन, वियना के साथ संबंध स्थापित करने में समर्थ हुआ है।

**भारतीय समुदाय :**

एक अनुमान के अनुसार 20,000 से अधिक भारतीय (जिनमें से अधिकतर केरल एवं पंजाब से हैं) आस्ट्रिया में रह रहे हैं जो मुख्य रूप से स्वास्थ्य देख-रेख के कारोबार में लगे हैं तथा स्व-रोजगार वाले क्षेत्रों से जुड़े हैं।

**उपयोगी संसाधन :**

भारतीय दूतावास, वियना की वेबसाइट :
www.indianembassy.at
भारतीय दूतावास, वियना की फेसबुक :
www.facebook.com/IndianEmbassyVienna
भारतीय दूतावास, वियना का ट्विटर हैन्डल:
@IndiainAustria
भारतीय दूतावास, वियना की न्यूजलेटर :
www.indianembassy.at/newsletter.php

***

**जनवरी, 2016**